Established-1902

Phone : 9473805958
Website: www.ecc.ac.in
E-mail : principal@ecc.ac.in
eccprincipal91@gmail.com

EWING CHRISTIAN COLLEGE

(A Christian Minority Institution of Church of North India)
(AN AUTONOMOUS CONSTITUENT POST GRADUATE COLLEGE OF UNIVERSITY OF ALLAHABAD)

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय, प्रयागराज

Office of the Principal Prayagraj-211 003 (U.P)

पत्र संख्या: ई०सी०सी०/प्राचार्य कार्यालय/२०२५/१७

२२.०४.२०२५

सूचना

आज दिनांक 22.04.2025 को अज्ञात लोगों द्वारा महाविद्यालय कार्यालय में अमन यादव के दोषियों को सज़ा दिलाने के संदर्भ में क्रमिक अनशन पर बैठने से संबंधित सूचना दी गई है (छायाप्रति सल्लग्र)। उक्त को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की अनुशासनात्मक समिति की आपात बैठक बुलाई गई जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। चर्चा के उपरांत उक्त के संबंध में सभी को यह अवगत कराना है कि:

1. यह कि अमन यादव के परिजनों द्वारा संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है और पुलिस द्वारा उचित कानूनी कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। क्योंकि यह एक कानूनी प्रक्रिया है, इसमें महाविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।
2. यह कि आगामी 28.04.2025 से महाविद्यालय में सेमेस्टर IV एवं सेमेस्टर VI की सेमेस्टर परीक्षाएं होने वाली हैं और 10.05.2025 से सेमेस्टर II की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं जिसके लिए सभी विभागों में कक्षाओं का निर्विघ्न चलना अनिवार्य है।

उक्त के प्रकाश में सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि समस्त छात्रों के हित को और विशेष तौर से अंतिम वर्ष के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की अनुशासनात्मक समिति सर्व सम्मत्ति से इस निर्णय पर पहुँची है कि वर्तमान परिस्थितियों में महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के आंदोलन एवं क्रमिक अनशन की अनुमति प्रदान नहीं की जा सकती। अतः सभी छात्रों से निवेदन है कि पुलिस प्रशासन को अपना काम करने दें एवं महाविद्यालय प्रशासन के साथ सहयोग करें ताकि किसी भी विद्यार्थी और उसके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ ना हो।

सर्व सम्मत्ति से यह भी निर्णय लिया गया है कि महाविद्यालय प्रशासन की अनुमति के बिना भी यदि कोई व्यक्ति क्रमिक अनशन पर बैठता है और उससे किसी का स्वास्थ्य ख़राब होता है या और किसी का किसी भी प्रकार का और कोई नुक़सान होता है तो उसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी उन्हीं लोगों की होगी और उसकी किसी प्रकार की कोई ज़िम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी।

प्राचार्य (कार्यवाहक)
ईसीसी

प्रतिलिपि:

1. पुलिस आयुक्त कमिशनरेट, प्रयागराज
2. सी॰ओ॰, बहराना
3. एस॰एच॰ओ॰, मुट्ठीगंज

22.4.25

22/4/25

सेवा में,

प्रधानाचार्य
इविंग क्रिश्चियन कॉलेज
प्रयागराज

विषय- अमन यादव के दोषियों को सजा मिलने तक क्रमिक अनशन के संदर्भ में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि दिनांक 16-04-2025 को हुये अमन यादव की मौत के संदर्भ में किये गये E.C.C के छात्रों द्वारा किये गये माँग के अनुसार दोषियों की अबतक गिरफ्तारी न होने के कारण E.C.C के सभी छात्र क्रमिक अनशन में बैठ रहे हैं।

कॉलेज प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा है।

दिनांक- 22-04-2025

धन्यवाद

सभी E.C.C छात्र